# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर

Phone No. 0771-2422425, FAX – 0771-2429385 ; website: www.cgbse.nic.in; email: secycgbse@gmail.com

क्र./2289 / डाटा/ 2021 रायपुर, दिनांक 17-11-21

प्रति,

**अत्यावश्यक निर्देश**

**प्राचार्य,**

**समस्त मान्यता प्राप्त संस्थायें,**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल,

रायपुर (छ.ग.)

**विषयः कक्षा 9वीं में अध्ययनरत् छात्र/छात्रों की जानकारी ऑनलाईन संशोधन करने के संबंध में ।**

**संदर्भः कार्यालयीन पत्र क्रमांक 6673/प.स./2020, रायपुर दिनॉक 11.11.2020।**

---**---

मण्डल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2021–22 के कक्षा 9वीं में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं के ऑनलाईन प्रविष्टि का कार्य पूर्ण कर नामांकन शुल्क भुगतान करने की प्रक्रिया करने के उपरांत संस्था में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को नामांकन क्रमांक ऑनलाईन आबंटित कर ऑनलाईन नामांकन प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। कक्षा 9वीं के डाटाबेस के आधार पर ही मण्डल की हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है, जिसमें संस्थाओं द्वारा छात्र के नाम, पिता के नाम, माता के नाम, जन्मतिथि आदि के संशोधन हेतु आवेदन किया जाता है। ऐसे प्रकरणों को ध्यान में रखते हुये मण्डल की परीक्षा एवं परीक्षाफल समिति की संयुक्त बैठक दिनॉक 28.08.2020 में छात्रों के ऑनलाईन नामांकन कार्ड के डाटाबेस में संबंधित संस्था के माध्यम से निर्धारित शुल्क का भुगतान कर संशोधन करने का निर्णय लिया गया है। संशोधन हेतु निर्धारित शुल्क निम्नानुसार है :–

1. प्रथम बार संशोधन – 100/– प्रति छात्र।
2. द्वितीय बार संशोधन – 200/– प्रति छात्र।
3. तृतीय एवं अंतिम बार संशोधन – 500/– प्रति छात्र।

उपरोक्तानुसार शुल्क का ऑनलाईन भुगतान कर छात्रों के डाटाबेस में संशोधन किया जा सकता है। संशोधन की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाईन की जायेगी। किसी भी प्रकार का संशोधन मैनुअल नही किया जायेगा।

अतः कक्षा 9वीं में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की जानकारी का मिलान कर आवश्यक संशोधन करने की कार्यवाही करें। कक्षा 9वीं के डाटाबेस के आधार पर ही मण्डल की आगामी परीक्षा में आवेदन पत्र भरे जायेगें, जिसमें किसी भी प्रकार का संशोधन मान्य नही होगा।

15/11/21

(प्रोफेसर व्ही.के. गोयल)
सचिव
छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल
रायपुर (छ.ग.)

पृ.क्र. /डाटा/2021 रायपुर, दिनॉक ............................

प्रतिलिपिः

1. अध्यक्ष/सचिव महोदय के निजसचिव, छ.ग. माशिमं, रायपुर की ओर सूचनार्थ ।
2. समस्त प्रथम श्रेणी, छ.ग. माशिमं, रायपुर की ओर सूचनार्थ।
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
4. समस्त संभागीय अधिकारी/सहायक सचिव परीक्षा, छ.ग. माशिमं, रायपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सचिव
छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल
रायपुर (छ.ग.)